# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

(तेरहवां सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## सोमवार, 19 दिसम्बर, 2016/ 28 अग्रहायण, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - वन मंत्री - उद्योग मंत्री - शहरी विकास मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री - सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री तथा सहकारिता मंत्री** ].

**कुल प्रश्न - 29**

----

### पौधों का आयात

1469 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी कि सरकार क्या चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सेब उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विदेश से सेब के पौधे आयात करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

### बिजली की तारें

1470 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत आयल वणन्तर तथा शलेलावाड़ी पंचायतों में कई जगह विद्युत लाईन की तारें पेड़ों तथा वन विभाग द्वारा लगाई गई कंटीली तारों को छू रही हैं; और

(ख) यदि हां, तो सरकार इस समस्या के समाधान हेतु क्या पग उठाने का विचार रखती है?

----

## सुरंग निर्माण

1471 **श्री हंस राज (चुराह)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) सरकार क्या चम्बा से पांगी वाया तीसा सड़क में सुरंग के निर्माण का विचार रखती है;

(ख) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक चम्बा से तीसा सड़क को चौड़ा करना व अन्धे मोड़ (Blind Curves) को काटने में कितनी धनराशि व्यय हो चुकी है तथा कितने ठेकेदार कार्य कर रहे हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) वर्तमान में इस सड़क की चौड़ाई कितनी है और कटाई के बाद कितनी होगी; ब्यौरा दें?

----

## ठेकेदारों को निविदाएं

1472 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग में कितनी निविदाएं विभिन्न कार्यों के निष्पादन हेतु की गई जिनका Amount Put to Tender 10 करोड़ रूपये या इससे ऊपर है; ब्यौरा कार्य का मण्डलवार व ठेकेदार/फर्म के नाम सहित दें;

(ख) यह निविदाएं क्या केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा निर्देश को मध्यनजर रखकर आमन्त्रित की गई हैं; और

(ग) कितने ऐसे कार्य हैं जो चार वर्षों से चल रहे हैं परन्तु अभी तक योजनाएं प्रारम्भ नहीं हुई हैं; ब्यौरा प्रत्येक योजना का ठेकेदार के नाम व पते सहित दें?

----

## दुग्ध उत्पादन

1473 **श्री महेन्द्र सिंह (धर्मपुर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में कितनी मात्रा में दुग्ध उत्पादन हुआ व उसको किस-किस दर से खरीदा गया; ब्यौरा वर्षवार दें;

(ख) क्रय किए दुग्ध से कितनी मात्रा में मक्खन, घी व लस्सी तैयार की गई तथा किस-किस दर में बेची गई; ब्यौरा वर्षवार दें; और

(ग) वर्ष 2013-14 से पूर्व प्रदेश में कितना पशुधन विभिन्न नस्लों/प्रजातियों का था तथा वर्तमान में इसकी संख्या कितनी है?

----

## चेयरमैन/वाईस चेयरमैन की नियुक्ति

1474 **श्री महेन्द्र सिंह(धर्मपुर)** :
**श्री रणधीर शर्मा(श्री नैना देवीजी)** :

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 अप्रैल, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में बोर्डों, निगमों एवं स्वायत्त संस्थाओं में कितने चेयरमैन, वाईस चेयरमैन व मैम्बर नियुक्त किए गए, उनके भ्रमण, ठहरने, गाड़ी,बंगला व ईलाज और वेतन पर कितनी धनराशि व्यय खर्च की गई; ब्यौरा नामवार दें;

(ख) दिनांक 1 जनवरी, 2016 से 30 नवम्बर, 2016 तक इन्होंने कितना-कितना भ्रमण कहां-कहां का किया; उससे कितने राजस्व का लाभ या हानि हुई;

(ग) इस अवधि में इनकी विदेश यात्राओं व इनके साथ गए सरकारी व गैर-सरकारी व्यक्तियों पर कितनी धनराशि व्यय की गई; और

(घ) इन्होंने अपने-अपने Board of Directors की कितनी-कितनी बैठकें की तथा उसमें लिए गए निर्णय की प्रति वर्षवार व बैठकवार दें?

----

## ट्रांसफार्मर/सब-स्टेशन

1475 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति में सुधार करने के उद्देश्य से कितने नए ट्रांसफार्मर/सब-स्टेशन किन-किन योजनाओं के अन्तर्गत कहां-कहां स्थापित किये गए; और

(ख) इस अवधि के दौरान कितने ट्रांसफार्मरों की क्षमता को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा विद्युत मण्डलवार दें?

----

## राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल विकास कार्यक्रम

1476 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में कौन-कौन सी योजनाएं स्वीकृत हुईं; ब्यौरा योजनाओं के नाम स्वीकृत राशि सहित मण्डलवार दें;

(ख) इन योजनाओं के कार्यों की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा योजनाओं के नाम व कार्यों की प्रगति सहित दें;

(ग) यह सत्य है कि केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मिलने वाली राशि में कटौती की है; यदि हां, तो क्या प्रदेश सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि जिन AWARDED योजनाओं का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया, उन कार्यों को रद्द किया जाए; और

(घ) ऐसी कितनी योजनाएं हैं जिनके AWARD होने के उपरान्त भी कार्य प्रारम्भ नहीं किए गए; ब्यौरा योजनाओं के नाम सहित मण्डलवार दें?

----

## प्रधान मन्त्री कृषि सिंचाई योजना

1477 **श्री रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति)**ः

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत एक वर्ष में प्रदेश सरकार द्वारा कौन-कौन सी सिंचाई योजनाओं को प्रधान मन्त्री कृषि सिंचाई योजना (P.M.K.S.Y.) के अन्तर्गत केन्द्र सरकार को अनुमोदन के लिए भेजा गया; ब्यौरा तिथिवार सिंचाई योजनाओं के नाम, अनुमानित लागत राशि सहित मण्डलवार दें; और

(ख) यह सिंचाई योजनाएं क्या केन्द्र सरकार द्वारा स्वीकृत की जा चुकी हैं; यदि नहीं, तो इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है?

----

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र फतेहपुर

1478 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट)**ः

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जिला मण्डी के अन्तर्गत पी0एच0सी0 फतेहपुर का भवन जर्जर अवस्था में है; और

(ख) यदि हां, तो सरकार कब तक इस संस्थान हेतु नए भवन बनाने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं

1479 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकाघाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत कितने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय स्वीकृत हैं; और

(ख) इनमें से किन-किन विद्यालयों में मैडिकल, नॉन मैडिकल व वाणिज्य की कक्षाएं नहीं चलाई जा रहीं हैं; ब्यौरा विद्यालयवार दें;

----

## नागरिक अस्पताल सरकाघाट

1480 **श्री इन्द्र सिंह (सरकाघाट):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) नागरिक अस्पताल सरकाघाट के कैम्पस में चिकित्सकों और पैरा-मैडिकल स्टाफ के लिए कितने आवास निर्मित हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) इनमें से कितने आवास रहने योग्य हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें ?

----

## लम्बित पेयजल योजनाएं

1481 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग के अन्तर्गत कुल्लू मण्डल-I एवं मण्डल-II(शमशी) में कितनी योजनाएं निर्माण हेतु लम्बित पड़ी हैं; ब्यौरा नाम सहित दें;

(ख) इन योजनाओं की लागत कितनी है और किस-किस ठेकेदार को किस तिथि को कार्य अवार्ड किया गया और कार्य पूर्ण न होने के क्या-क्या कारण रहे; ब्यौरा दें; और

(ग) इस विलम्ब हेतु ठेकेदारों के विरूद्ध क्या-क्या कार्रवाई की गई; ब्यौरा ठेकेदार के नाम का योजनावार दें?

----

## मातृ एवं शिशु देखभाल केन्द्र

1482 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि भुन्तर शहर में स्वर्गीय मियां हुक्म चन्द कटोच ने स्वास्थ्य संस्थान हेतु भूमि दान दी थी; यदि हां, तो इस भूमि पर पुलिस ने थाने का अपना भवन बनाने के बावजूद इस स्थान पर अवैध कब्जा कर रखा है;

(ख) यह भी सत्य है कि स्वर्गीय मियां हुक्म चन्द के वारिसों ने स्वास्थ्य विभाग को नोटिस दिया है कि यदि दान दी गई भूमि पर कोई स्वास्थ्य संस्थान नहीं बनाया गया तो वारिसों को इस भूमि को वापिस किया जाए; और

(ग) सरकार क्या इस स्थान पर अवैध कब्जे को हटाकर मातृ एवं शिशु देखभाल केन्द्र की स्थापना करने के आदेश देगी?

----

## सड़कों की रि-सरफेसिंग

1483 **श्री महेश्वर सिंह (कुल्लू)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि प्रदेश में भिन्न-भिन्न टेलीफोन कम्पनियों द्वारा सड़कों को बार-बार खोदे जाने के कारण मुख्य मन्त्री महोदय ने सदन को सूचित किया था कि राष्ट्रीय उच्च मार्गों और अन्य सड़कों की मरम्मत हेतु पैच वर्क नहीं किया जायेगा; बल्कि सड़क की रि-सरफेसिंग की जायेगी; और

(ख) यदि हां, तो किस-किस सड़क की कितने-कितने किलोमीटर रि-सरफेसिंग की गई; कितनी पर पैच वर्क किया गया और ग्रामीण क्षेत्रों में कौन सी सड़कें हैं जिसका दिनांक 30.11.2016 तक कोई पैच वर्क अथवा मरम्मत नहीं की गई; ब्यौरा दें?

----

## शहीदों को आर्थिक सहायता

1484 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत दो वर्षों में प्रदेश में कितने सैनिक शहीद हुए; ब्यौरा नाम व पते सहित दें; और

(ख) सरकार द्वारा शहीद सैनिकों के परिवारों को कितनी-कितनी आर्थिक सहायता प्रदान की गई; ब्यौरा राशि सहित दें?

----

## पेयजल योजनाएं

1485 **श्री विनोद कुमार(नाचन) :**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-
(क) गत एक वर्ष में नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी पेयजल योजनाएं स्वीकृत हुई हैं; विवरण नाम सहित दें;

(ख) इन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि का प्रावधान है; विवरण दें; और

(ग) उठाऊ पेयजल योजना छलखी छम्यार की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## भवन रहित पाठशालाएं

1486 **श्री विनोद कुमार (नाचन)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ऐसी कितनी प्राथमिक पाठशालाएं हैं जिनका अपना भवन नहीं है; ब्यौरा नाम सहित दें?

----

## पुलिस चौकी की स्थापना

1487 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार क्या दून विधान सभा चुनाव क्षेत्र के अन्तर्गत बद्दी के मौजा भटौली कलां वर्धमान तथा बद्दी से 7 कि0मी0 की दूरी पर स्थित मानपुरा व शिक्षा कुंज कालुझिण्डा में नई पुलिस चौकियां स्थापित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## भवन निर्माण

1488 **श्री राम कुमार (दून)ः**

क्या **सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसे कितने आंगनवाड़ी केन्द्र हैं जिनके नाम भवन निर्माण हेतु भूमि का हस्तांतरण हो चुका है; ब्यौरा दें; और

(ख) इनके भवन निर्माण हेतु कब तक धनराशि उपलब्ध करवा दी जाएगी ?

----

## विधायक प्राथमिकता में योजनाएं

1489 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) दून विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल कसौली व नालागढ़ में विधायक प्राथमिकता में डाली गई योजनाओं में से कितनी योजनाओं की DPR अभी तक नहीं बनाई गई है; ब्यौरा दें; और

(ख) इनकी DPR कब तक बनाकर स्वीकृति हेतु भेज दी जाएगी; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1490 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) दिनांक 30 नवम्बर, 2016 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत सिंचाई एवं जन-स्वास्थ्य विभाग में कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा रिक्त पदों को भरने हेतु क्या कार्रवाई की जा रही है; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1491 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विद्युत विभाग में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा दें; और

(ख) सरकार द्वारा इन रिक्त पदों को भरने हेतु क्या पग उठाए जा रहे हैं?

----

## उठाऊ पेयजल योजना नेरवा

1492 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) यह सत्य है कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत पुजारली में उठाऊ पेयजल योजना नेरवा से किहरी का टैंडर वर्ष 2012-13 में विभाग द्वारा कर दिया गया था; और

(ख) यदि हां, तो क्या इस योजना का कार्य विभाग द्वारा आरम्भ कर दिया है; इस पर कितनी धनराशि खर्च की जा चुकी है; ब्यौरा दें?

----

## सिंचाई योजनाएं

1493 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगी किः-

(क) नाहन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी सिंचाई योजनाएं कार्यरत हैं; उनकी बिजली के पम्प हाऊस की डिस्ट्रीब्यूशन की स्थिति क्या है; कितने क्षेत्र को ये सिंचित करती हैं; ब्यौरा योजना के नाम एवं पंचायत के नाम सहित दें;

(ख) इन योजनाओं में से कितनी योजनाएं ख़राब हैं; उन्हें ठीक करने हेतु विभाग क्या पग उठा रहा है; और

(ग) इस विधान सभा क्षेत्र में कितनी सिंचाई योजनाएं निर्माणाधीन हैं; इनकी अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा योजना के नाम सहित दें?

----

## Construction of roads

1494 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during 1st January, 2013 to 30th November, 2016 how many roads have been constructed by Public Works Department within the jurisdiction of Kutlehar Assembly Constituency;

(b) name of each road, its length, category and amount spent on the same headwise be given;and

(c) how much amount has been spent yearwise on the repair and maintenance thereof?

----

## Drinking and Irrigation Schemes

1495 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state that during the last three years how much amount has been spent for providing drinking water and irrigation facilities to the inhabitants in the State; division wise details be given?

----

## Chief Minister Relief Fund

1496 **Sh. Virender Kanwar (Kutlehar):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state that:-

(a) during last one year how many applications/cases for providing relief/financial assistance out of Chief Minister Relief Fund have been received;

(b) out of these how many cases have been approved and amount released in each case be given;

(c) in how many applications reports have been called from District Administration which are pending for the last one year; and

(d) in how many cases financial assistance has been provided without seeking reports from District Administration?

----

## डी0एन0आई0टी0 जारी करना

1497 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (सुजानपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि दिनांक 01 जनवरी, 2013 से 30 नवम्बर, 2016 तक सुजानपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत लोक निर्माण मण्डल हमीरपुर, टौणी देवी व उप-मण्डल सुजानपुर में कितनी DNIT (Draft Notice Inviting Tender) विभाग द्वारा जारी किए गए; ब्यौरा ठेकेदार के नाम व आबंटित धनराशि का मण्डल, उप-मण्डलवार दें?

----

**शिमलाः 171004.** **सुन्दर सिंह वर्मा,**
**दिनांकः 3 दिसम्बर, 2016.** **सचिव।**